संख्या-1/2/2006-का-प्रसको-2007

प्रेषक,

उमेश सिन्हा,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक विभाग-प्रशिक्षण समन्वय प्रकोष्ठ, लखनऊ : दिनांक : 11 जनवरी, 2007

विषयः- प्रशिक्षण से संबंधित बैठकों/अन्य कार्यकलापों हेतु नोडल संस्थान नामित किया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त के संबंध में आपको यह अवगत कराने का मुझे निदेश हुआ है कि राज्य की प्रशिक्षण नीति के क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रशिक्षण से संबंधित बैठकों का आयोजन कराने, प्रदेश के समस्त प्रशिक्षण संस्थानों से समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण से संबंधित कम्पेंडियम प्रकाशित कराने एवं प्रशिक्षण से संबंधित समस्त कार्यों हेतु भारत सरकार से समन्वय स्थापित करने हेतु, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ को नोडल संस्थान नामित किया जाता है ।

2. उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी द्वारा अपने समस्त कार्य-कलापों का संचालन/सम्पादन महानिदेशक, प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश के निर्देशन/पर्यवेक्षण में किया जायेगा ।

3. अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(उमेश सिन्हा)
सचिव ।

संख्या-1/2/2006(2) का-प्रसको/2007, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित :-

1. सचिव, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली ।
2. महानिदेशक, प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
3. महानिदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ ।
4. निदेशक/प्रधानाचार्य, समस्त प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष/ प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।

आज्ञा से,

(बी.एन.दीक्षित)
विशेष सचिव ।